# कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष
## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति
## जिला-कोरबा (छ०ग०)

क्रमांक/ ....५५१.... /स्था0/अंग्रेजी माध्यम/2023–24 कोरबा, दिनांक : 27/09/2023

### –:: प्रतिनियुक्ति/ संविदा भर्ती विज्ञापन ::–

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 23–8/2020/20–दो/2059 तथा 2065 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 22.09.2023 के द्वारा सत्र 2023–24 में नवीन 1. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय **बरपाली (जिल्गा)** वि.ख.–कोरबा 2. स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय **छुरी (कटघोरा)** वि.ख.–कटघोरा के संचालन हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय कर्मचारियों की नियुक्ति **प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार** पर किया जाना है। संस्थावार/पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है :–

| स0कं | विद्यालय का नाम | पदनाम | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद शासकीय अग्रेजी माध्यम स्कूल **बरपाली (जिल्गा)** | व्याख्याता(अग्रेजी माध्यम) | अग्रेजी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी/हिन्दी माध्यम) | संस्कृत | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी/हिन्दी माध्यम) | हिन्दी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी माध्यम) | गणित | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी माध्यम) | सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी माध्यम) | जीव विज्ञान | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी माध्यम) | रसायन | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अग्रेजी माध्यम) | भौतिकी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अग्रेजी माध्यम) | अग्रेजी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अग्रेजी माध्यम) | कला | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अग्रेजी माध्यम) | गणित | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अग्रेजी माध्यम) | विज्ञान | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | कम्प्यूटर शिक्षक (अग्रेजी माध्यम) | – | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्यायाम शिक्षक (अग्रेजी माध्यम) | – | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | सहायक शिक्षक(अग्रेजी माध्यम) | – | 5 | 2 अनारक्षित<br>2 अजजा<br>1 अपिव |
| | | सहा0शिक्षक विज्ञान (अग्रेजी माध्यम) | जीव विज्ञान/भौतिकी/रसायन | 2 | 1 अनारक्षित<br>1 अ0ज0जा0 |
| | | ग्रंथपाल | – | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | योग | | 22 | |

| स0क्रं | विद्यालय का नाम | पदनाम | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल **छुरी** | व्याख्याता(अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम) | संस्कृत | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम) | हिन्दी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी माध्यम) | सामाजिक विज्ञान | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी माध्यम) | जीव विज्ञान | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी माध्यम) | रसायन | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्याख्याता(अंग्रेजी माध्यम) | भौतिकी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | कला | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | गणित | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | विज्ञान | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | कम्प्यूटर शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | — | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | — | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | सहायक शिक्षक(अंग्रेजी माध्यम) | — | 5 | 2 अनारक्षित<br>2 अजजा<br>1 अपिव |
| | | सहा0शिक्षक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) | जीव विज्ञान / भौतिकी / रसायन | 2 | 1 अनारक्षित<br>1 अ0ज0जा0 |
| | | ग्रंथपाल | — | 1 | 1 अनारक्षित |
| | | योग | | 22 | |

<u>पदवार वेतन एवं शैक्षणिक योग्यता :-</u>

| S.N. | पद का नाम | सविदा मे मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता(अंग्रेजी) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 2 | व्याख्याता (संस्कृत) (अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 3 | व्याख्याता (हिन्दी) (अंग्रेजी / हिन्दी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। |
| 4 | व्याख्याता(गणित) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित / एप्लाईड गणित विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 5 | व्याख्याता (सामाजिक विज्ञान) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से भूगोल / इतिहास / अर्थशास्त्र / राजनीति विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 6 | व्याख्याता(जीवविज्ञान) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वनस्पतिशास्त्र / प्राणीशास्त्र / लाइफसाइन्स / जैविकी / अनुवांशिकी (जेनेटिक्स) / सूक्ष्मजैविकी (माइक्रोबायोलॉजी) / जैवप्रोद्योगिकी बायोटेक्नॉलाजी) / आणविक जीवविज्ञान(मालिकुलर बायोलॉजी) / पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) से किसी एक विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |
| 7 | व्याख्याता(रसायन) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन / बायोकेमेस्ट्री से किसी एक विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 8 | व्याख्याता(भौतिकी) (अंग्रेजी माध्यम) | 38100 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / एप्लाइड भौतिकी / न्यूक्लियर भौतिकी से किसी एक विषय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |

| S.N. | पद का नाम | संविदा मे मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 9 | शिक्षक(अग्रेजी) (अग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से अंग्रेजी साहित्य विषय के साथ अंग्रेजी माध्यम मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी से स्नातक की उपाधि एवं बी.एड. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 10 | शिक्षक(सामाजिक विज्ञान) (अग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से कला संकाय मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 11 | शिक्षक(गणित) (अग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित के साथ निम्नलिखित मे से कोई 02 विषय– भौतिकी/रसायन/इलेक्ट्रानिक्स/कम्प्यूटर साईस/साख्यिकीय/सैन्य विज्ञान/भू–गर्भ विज्ञान अथवा बी.ई. मे न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 12 | शिक्षक(विज्ञान) (अग्रेजी माध्यम) | 35400 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान एवं सैन्य विज्ञान, भू–गर्भ विज्ञान मे से कोई 02 विषय के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से स्नातक की उपाधि के साथ (बी.एड.) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा पू0मा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 13 | कम्प्यूटर शिक्षक (अग्रेजी माध्यम) | 35400 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हाई एवं हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से कम्प्यूटर में स्नातक बी.ई.(कम्प्यूटर), बी.सी.ए. (कम्प्यूटर), बी.एस.सी. (कम्प्यूटर), बी.टेक (कम्प्यूटर) की उपाधि होना अनिवार्य है। |
| 14 | व्यायाम शिक्षक (अग्रेजी माध्यम) | 35400 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से डी.पी.एड. या बी.पी.एड. सहित स्नातक उत्तीर्ण। |
| 15 | सहायक शिक्षक (अग्रेजी माध्यम) | 25300 | हायर सेकेण्डरी परीक्षा न्यूनतम द्वितीय श्रेणी अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण एवं डी.एड./डी.एल.एड. /बी.एड. प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। शिक्षक पात्रता परीक्षा प्रा0शा0स्तर (टी.ई.टी.) उत्तीर्ण होना आवश्यक है। |
| 16 | सहा0शिक्षक विज्ञान (अग्रेजी माध्यम) | 25300 | मान्यता प्राप्त बोर्ड से जीव विज्ञान/गणित संकाय में भौतिक एवं रसायन विषय समूह के साथ न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |
| 17 | ग्रथपाल | 22400 | न्यूनतम द्वितीय श्रेणी मे अंग्रेजी माध्यम से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से बी.लिब होना अनिवार्य है। |

## प्रतिनियुक्ति/संविदा भर्ती के संबंध में दिशा निर्देश एवं शर्ते :–

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी।
2. **अभ्यर्थी को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।**
3. अभ्यर्थियों को एक से अधिक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
4. अभ्यर्थियों द्वारा कोरबा जिले के वेबसाईट **https://korba.gov.in** में दर्शित गूगल फार्म के माध्यम से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पद हेतु आवेदन **दिनांक 06.10.2023 को सायं 5.00 बजे** तक आमंत्रित किये जाते है। गुगल फार्म के द्वारा किया गया आवेदन ही मान्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन अमान्य है।
5. 1). स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय **बरपाली (जिल्गा)** वि.ख.–कोरबा 2). स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय **छुरी** वि.ख.–कटघोरा जिला–कोरबा (छ.ग.) की समिति पृथक–पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक–पृथक आरक्षण लागू होगा।
6. संविदा नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचित छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुसार की जावेगी।
7. संविदा नियुक्ति पदों पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। शासन/समिति के द्वारा नियुक्ति अथवा कार्य व्यवहार के आधार पर किसी भी समय सेवा से पृथक की जा सकता है।
8. **आवेदक सुनिश्चित करें कि उनकी कक्षा 10वीं एवं समस्त उच्चतर कक्षाएँ अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है अगर अभ्यर्थी की कक्षा 10वीं से समस्त उच्चतर योग्यता तक किसी भी कक्षा में माध्यम अंग्रेजी नहीं होगा तो अभ्यर्थी को अपात्र कर दिया जायेगा। व्याख्याता हिन्दी एवं संस्कृत हेतु अंग्रेजी माध्यम की बाध्यता नही होगी।**
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

10. संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01 अगस्त 2023 को 21 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) महिलाओ, निःशक्तजन, शासकीय कर्मचारियों, संविदा कर्मचारियों एवं भूतपूर्व सैनिकों को छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशों के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा किन्तु सभी देय छूटो को मिलाकर उनकी अधिकतम आयु–सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
11. **अभ्यर्थियों को समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की मूल प्रति दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय प्रदान नही किया जावेगा तथा संबंधित अभ्यर्थी को अपात्र किया जा सकेगा। आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध हो।**
12. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम एफ–9–01/2012/1–3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 एवं संशोधित दिनांक 30 दिसम्बर 2019 नियोक्ता एवं नियुक्त कर्मचारी के लिए लागू होगा।
13. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित संविदा भर्ती नियम 2012 के तहत अधिसूचित अवकाश नियम नियुक्त संविदा कर्मचारी के लिये लागू होगा।
14. संविदा कर्मचारी को संविदा अवधि में पेंशन, मृत्यु लाभ या अन्य कोई भी लाभ जो छ.ग. शासन के नियमित कर्मचारी को प्राप्त है, की पात्रता नहीं होगी।
15. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई अथवा पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।
16. नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान वाद–विवाद की स्थिति मे चयन समिति का निर्णय अंतिम, सर्वमान्य एवं बंधनकारी होगा।
17. अपूर्ण एवं त्रुटि पूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जावेंगे। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।
18. भविष्य में शासन के द्वारा उक्त पदों पर भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
19. राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल हेतु समय–समय पर जारी निर्देशों के अधीन पंजीकृत सोसायटी विद्यालय के संचालन व शर्तो से संबंधित नियम/निर्देश जारी करेगी जो सर्वमान्य व सभी के लिए बंधनकारी होगा।
20. अनु0 जाति/अनु.जन जाति अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोड़कर) के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के समय संलग्न करना आवश्यक है। प्रमाण पत्र के अभाव में आरक्षण का लाभ नही दिया जावेगा। आवश्यक होने पर चयन समिति प्रमाण पत्र की वैधता की जॉच करा सकती है।
21. **शिक्षक, सहायक शिक्षक अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।**
22. किसी भी अभ्यर्थी की नियुक्ति संविदा पर होने पर वह नियमितिकरण के लिए किसी भी प्रकार का दावा नही करेगा।
23. **अभ्यर्थियों की चयन सूची प्रकाशन दिनांक से 01 वर्ष हेतु मान्य होगी।**

## प्रतिनियुक्ति हेतु

24. **प्रतिनियुक्ति हेतु छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षको/कर्मचारियों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर संस्था प्रमुख की अनुशंसा सहित दिनांक 06.10.2023 तक कार्यालयीन दिवसों में समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/स्वयं उपस्थित होकर बंद लिफाफे में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा (छ.ग.) आई.टी.आई के पीछे जमा किया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति हेतु हिन्दी एवं संस्कृत विषय के पदों को छोड़कर अन्य पदों पर अभ्यर्थियों की सम्पूर्ण शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से होना अनिवार्य है। अंतिम तिथि के बाद में प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।**
25. प्रतिनियुक्ति के अभ्यर्थियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी।
26. प्रतिनियुक्ति हेतु छ0ग0 स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत जिला कोरबा के अभ्यर्थियों को सहमति पत्र एवं अन्य जिले के अभ्यर्थियों को सहमति पत्र के साथ संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

चयन प्रक्रिया :–

संविदा भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

1. चयन प्रक्रिया के सरलीकरण, श्रम एवं संसाधन की बचत, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा पात्र एवं उत्कृष्ट अभ्यर्थियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से एकीकृत आनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों हेतु पृथक–पृथक गूगल लिंक के माध्यम से आवेदकों द्वारा पृथक–पृथक आवेदन किया जायेगा।
2. आवेदन उपरांत प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक पद हेतु प्राप्त आवेदनों मे से शैक्षणिक योग्यता के अनुसार टॉप 20 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जावेगा। चयन किये जाने हेतु अंक तालिका निम्नानुसार होगी।

**अभ्यर्थियों के चयन हेतु अंक तालिका का विवरण :–(कुल 100 अंक)**

| क्र. | पद का नाम | 12वीं | स्नातक | स्नातकोत्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 20 प्रतिशत अंक | स्नातक मे प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत अंक | स्नातकोत्तर मे प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक |

| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | स्नातक |
|---|---|---|---|---|
| 2 | शिक्षक पूर्व मा0शा0/व्यायाम शिक्षक एवं कम्प्यूटर शिक्षक | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 20 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत अंक | स्नातक मे प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक |

| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं | बी.लिब. |
|---|---|---|---|---|
| 3 | ग्रंथपाल | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 20 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 30 प्रतिशत अंक | बी.लिब. मे प्राप्त प्रतिशत का 50 प्रतिशत अंक |

| क्र. | पद का नाम | 10वीं | 12वीं |
|---|---|---|---|
| 4 | सहा. शिक्षक/सहा. शिक्षक विज्ञान | 10वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक | 12वीं मे प्राप्त प्रतिशत का 60 प्रतिशत अंक |

3. आवेदकों के पात्र/अपात्र सूची जारी कर दावा आपत्ति मगाई जावेगी जिस हेतु दो दिवस का समय प्रदान किया जावेगा। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात अंतिम पात्र अपात्र सूची जारी की जावेगी। दावा आपत्ति हेतु आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जिला–कोरबा मे लिया जावेगा।
4. आवेदकों के चयन हेतु शैक्षणिक पद, गैर शैक्षणिक पदों के लिए अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जावेगी। कुल 100 अंक मिलाकर अंतिम एकीकृत मेरिट सूची तैयार की जायेगी तथा अंतिम मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को विज्ञापित किसी भी संस्था में पदस्थ किया जावेगा।

नियुक्ति अवधि :–

1. छत्तीसगढ़ सविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4 (1) के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति के पदों पर संविदा नियुक्ति **तीन वर्ष** की अवधि के लिये की जावेगी। तथापि राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर तथा संविदा आधार पर नियुक्ति की उपयुक्तता तथा कर्मचारी की कार्यक्षमता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की अवधि बढ़ायी जा सकेगी जो कि, शासन के आगामी निर्देश के अंतर्गत अधिनियमित होगा।
2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों (प्रथम पक्ष नियोक्ता एवं द्वितीय पक्ष अभ्यर्थी) में से नियोक्ता पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी। जबकि द्वितीय पक्ष को सेवा से त्याग पत्र देने की स्थिति में 03 माह का वेतन चालान के माध्यम से जमा कराना होगा।संविदा अवधि समाप्ति पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकेगी।

**निरर्हताऐं :–**

1/ ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्हे शासन द्वारा सेवा से पृथक किया गया है अथवा सेवावृद्धि रोकी गई है। आवेदन हेतु अपात्र होगे।

2/ यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आवेदन के दौरान किसी भी प्रकार की कूटरचित /भ्रामक/गलत जानकारी प्रदान की गई है अथवा आवश्यक जानकारी छुपाई गई है, तो संबंधित आवेदक के विरूद्ध विधि सम्मत कार्य–कार्यवाही की जावेगी जिसकी जवाबदारी संबंधित आवेदक की होगी।

3/ कोई भी अभ्यर्थी जिसे किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

4/ चयन उपरांत संबंधित आवेदक द्वारा पद ग्रहण के एक माह के भीतर जिला मेडिकल बोर्ड छ.ग. द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जमा नही करने की स्थिति मे अथवा मेडिकल रूप से फिट नही होने की स्थिति मे उम्मीदवारी निरस्त की जावेगी।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में चयन समिति का निर्णय संबंधी :–**

1/ चयन के लिये अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। भर्ती प्रक्रिया के संबंध मे किसी भी प्रकार का विवाद/शिकायत/परिवाद की स्थिति मे संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम होगा एवं इसमे शामिल सभी पक्षो के लिए बंधनकारी होगा।

2/ चयन प्रक्रिया के किसी भी समय पर अथवा चयन समिति को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि चयन समिति के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह अपात्र हो जावेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति चयन समिति द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

3/ आवेदक यह सुनिश्चित कर ले कि आवेदन के अंतिम तिथि के पूर्व समस्त न्यूनतम योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका हो।

**अन्य निर्देश :–**

1/ नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशो के अनुसार वेतन देय होगा।

2/ नियमानुसार संविदा भर्ती के उप नियम (2) के अंतर्गत उल्लेखित मामलों को छोड़कर संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।

3/ विज्ञापन की विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी कोरबा जिले के वेबसाइट **www.Korba.gov.in** पर नियमित अवलोकन करते रहें।

4/ संबंधित स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति द्वारा संविदा पद पर नियुक्त समस्त अभ्यर्थियों के कार्य, व्यवहार, आचरण एवं कार्य प्रर्दशन का प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति मे मूल्यांकन किया जावेगा एवं उपयुक्तता के आधार पर संविदा अवधि मे आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार वृद्धि की जा सकेगी।

5/ अभ्यर्थी किसी भी पद पर आवेदन के पूर्व अपनी पात्रता एवं आवेदित पद हेतु वांछित न्यूनतम अर्हता का परीक्षण स्वयं कर लेवे। त्रुटिपूर्ण आवेदन, भ्रामक एवं गलत जानकारी के आधार पर अभ्यर्थी को किसी भी चरण में अपात्र घोषित किया जा सकता है केवल आवेदन कर देने मात्र से ही अभ्यर्थी का आवेदित पद पर चयन का अधिकार नही होगा।

**ऑनलाईन आवेदन करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–**

1/ ऑनलाईन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का **Gmail** आई.डी. **(जैसे–xyz@gmail.com)** होना अनिवार्य है। **Gmail** आई.डी. नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी **google** में जाकर **Gmail** आई.डी. बना लेवें।

2/ अभ्यर्थी बेहतर सुविधा के साथ ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए लैपटॉप/डेस्कटॉप में **google crome** का उपयोग करें।

3/ ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेज अपने साथ रखें। आवेदक अपने दस्तावेज के आधार पर ही **google form** भरे। आवेदक यह सुनिश्चित करे कि किसी प्रकार की डाटा एन्ट्री संबंधी त्रुटि नही हो। त्रुटि होने पर आवेदन अमान्य किया जावेगा।

4/ ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम जिले के वेबसाईट **http://korba.gov.in** पर जावें।

5/ जिले के वेबसाईट में आवेदन फार्म भरने के लिए निम्नानुसार 05 लिंक उपलब्ध है :–

(अ) व्याख्याता पद के लिए।
(ब) शिक्षक के लिए।
(स) सहा. शिक्षक के लिए।
(द) व्यायाम शिक्षक/सहायक शिक्षक विज्ञान
(ई) कम्प्यूटर शिक्षक/ग्रंथपाल

6/ अभ्यर्थी वेबसाईट में दिये गये लिंक पर क्लिक कर अपना आवेदन फार्म ऑनलाईन भर सकते है।

7/ **google form** भरने की प्रक्रिया मे किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु अपनी समस्या **sageskorba@gmail.com** मे भेज सकते है।

8/ चयन प्रक्रिया संबंधित समस्त निर्देश एवं कार्यवाहियों की सूचना जिला कोरबा के **https://korba.gov.in** वेबसाईट पर अद्यतन की जावेगी अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पश्चात नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

*(स्वा0आ0विसंचालन एवं प्रबंधन समिति द्वारा अनुमोदित)*

**जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव**
**स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल संचालन प्रबंधन समिति**
**जिला–कोरबा (छ.ग.)**

**क्रमांक/442/स्था0/अंग्रेजी माध्यम/2023–24** **कोरबा, दिनांक : 27/09/2023**

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

4. कलेक्टर एवं अध्यक्ष, संचालन प्रबंधन समिति, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल जिला कोरबा को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को सादर सूचनार्थ।
6. आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा छ.ग. को सादर सूचनार्थ।
7. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
8. उपसंचालक जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कोरबा को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु अग्रेषित।
9. सर्व संबंधित सदस्य, संचालन प्रबंधन समिति उत्कृष्ट विद्यालय जिला कोरबा को सूचनार्थ।
10. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. कोरबा को सूचनार्थ एवं उक्त विज्ञापन विस्तृत विवरण सहित जिले के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
11. प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल .................................................. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी/सचिव
स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश स्कूल संचालन
प्रबंधन समिति
जिला–कोरबा (छ.ग.)

# प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदित संस्था का नाम | :– | .................................................................. |
| 2. | आवेदित पद का नाम | :– | ..................................विषय .......................... |
| 3. | अध्ययन का माध्यम | :– | .................................................................. |
| 4. | आवेदक का नाम | :– | .................................................................. |
| 5. | पिता/पति का नाम | :– | .................................................................. |
| 6. | मूलपद | :– | .................................................................. |
| 7. | जन्मतिथि (अंको में) | :– | .................................................................. |
| | (शब्दों में) | :– | .................................................................. |
| 8. | कर्मचारी आई.डी.नं. | :– | .................................................................. |
| 9. | वर्तमान पत्र व्यवहार | :– | .................................................................. |
| | का पता | | .................................................................. |
| | | | ......................................पिनकोड...................... |
| 10. | मोबाईल/वाट्सएप न. | :– | .................................................................. |
| 11. | ईमेल आई.डी. | :– | .................................................................. |
| 12. | मूल पदस्थ | :– | .................................................................. |
| | शाला का नाम एवं | | .................................................................. |
| | पता | | .................................................................. |

हाल ही में खींचा हुवा रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

13. संलग्न दस्तावेज की सूची :– 1 नियुक्ति आदेश की छायाप्रति
2 सहमति प्रारूप
3 वरिष्ठता क्रमांक/वर्ष ................................................
4 कक्षा 10वीं से उच्च अध्ययन स्तर तक का स्वप्रमाणित अंकसूची की छायाप्रति।

(उपरोक्त दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।)

## प्रमाणपत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई सम्पूर्ण जानकारी पूर्णतः सत्य है, यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी असत्य पाई जाती है, तो मेरा आवेदन निरस्त कर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर
नाम ....................................

## //संस्था प्रमुख का अनुशंसा//

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. ..............................................पदनाम ..............विषय........................ संस्था ............................................................ में कार्यरत है। इनका कार्यव्यवहार संतोषजनक है। इनकी प्रतिनियुक्ति हेतु अनुशंसा की जाती है।

संस्था प्रमुख का हस्ताक्षर
पदमुद्रा सहित

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी

जिला – कोरबा छ0ग0

विषय :– स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ..............................................................................

वि0ख0 ............................................ जिला– कोरबा छ0ग0 में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने हेतु आवेदन पत्र।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत सादर निवेदन है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय.............................. ..............................................वि0ख0 ............................................ जिला कोरबा के विषय .................................................. (हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम) में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने हेतु अनुरोध करता/करती हूँ।

स्थान :– ..................................................

दिनांक :– ..................................................

भवदीय

कर्मचारी का नाम ..............................................................

पदनाम ..............................................................

विषय ..............................................................

पदस्थ संस्था का नाम ..............................................................